बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 159, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान, उद्यमियों की मांग 16

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज 15

आंवला के आलमपुर जाफराबाद और शाहजहांपुर में प्रधानमंत्री ने किया सभाओं को संबोधित

ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं दो शहजादे

संवाददाता, बरेली/शाहजहांपुर

अमृत विचार : ओबीसी बाहुल्य आंवला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर ही रहा। आलमपुर जाफराबाद में बृहस्पतिवार को उन्होंने चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दो शहजादे की जोड़ी ओबीसी का हक छीनना चाहती है। दोनों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से है। वे भाषणों में तो ओबीसी को हक देने की बात कहते हैं लेकिन पिछले दरवाजे से उनका हक दूसरों को देना चाहते हैं। सपा पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया।

आंवला और बदायूं लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है। कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपनी खास पसंद की वोट बैंक को देने का है। ओबीसी का यह हक को छीनकर उसे वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कांग्रेस के इस इरादे पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री ने कहा, याद करिए उत्तर प्रदेश में 2012 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले यूपीए सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया था। उस समय वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब फिर मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने में जुट गए हैं। बोले, मैं ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा। सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर कोई ऐसा यादव नहीं मिला, जिसे वह टिकट दे सके। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार, बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव मैदान में संयुक्त जनसभा को समबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुग्विजय शाक्य की जिताने की अपील।

पीठ थपथपाकर बढ़ाया धर्मेंद्र का हौसला दुर्विजय के लिए भी की वोट की अपील

पीएम ने संबोधन से पहले आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप से पूछा कि चुनाव कैसा चल रहा है। कौन- कौन से क्षेत्र हैं और बाकी जगह क्या समीकरण हैं। इसके बाद पीठ थपथपाकर उनकी हौसला अफजाई की और फिर भीड़ देखकर बोले, इस बार आपकी हैट्रिक है। लोगों का उत्साह देखकर लग रहा है कि वे सरकार के काम से काफी खुश है। संबोधन के दौरान लोगों से भी कहा कि आंवला से प्रत्याशी हमारे पुराने साथी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं से दुर्विजय शाक्य को आपका दिया वोट मोदी को ही जाएगा।

नए अवसरों की धरती बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की भी प्रशंसा की। कहा, योगी और उनकी टीम जो मेहनत कर रही है, उससे यूपी की पहचान नए अवसरों की धरती के तौर पर बन रही है। योगी के नेतृत्व मे यूपी का भाग्य बदल रहा है। यूपी का सांसद होने के नाते उनके लिए यह गर्व की बात है। आंवला में नैनो यूरिया की फैक्ट्री है। ऐसे अनेक कारखाने उत्तर प्रदेश में लग रहे हैं। पहले जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे लेकिन अब बरेली और बदायूं में विकास हो रहा है।

कांग्रेस हो जाएगी विलुप्त सपा होगी समाप्त पार्टी

जनसभा को संबोधित करते राजनाथ सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- खीरी में सपा, कांग्रेस पर जमकर बरसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

अमृत विचार: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जिस तरह डायनसोर धरती से विलुप्त हो गया, उसी तरह कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी। इस चुनाव के बाद यही हाल सपा को होने वाला है। रक्षा मंत्री ने बृहस्पतिवार को भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी और धौरहरा से प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के बारे में कहा कि वह सांसदों के सवालों का बहुत ही खूबसूरती से जवाब देते हैं। वहीं रेखा वर्मा को उत्तर प्रदेश की आवाज उठाने वाली बताया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा प्रदेश होने के बाद उत्तर प्रदेश को जिस ऊंचाई पर चाहिए, उस ऊंचाई तक नहीं पहुंचाया गया, लेकिन गर्व से कहना चाहता हूं कि जब से भाजपा की सरकार बनी, तबसे उत्तर प्रदेश का कद बढ़ा है। कानून और व्यवस्था चुस्त, दुरुस्त हुई हुई है।



दूसरे चरण का मतदान आज

नई दिल्ली। आम चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। इस दौरान कई दिग्गजों की साख दांव पर होगी।

इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज होना है उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी शामिल हैं।

प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए मतदान होगा। मतदान के लिए सभी क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदान की पूर्व संध्या पर मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस भाजपा को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है।

कन्नौज से अखिलेश ने भरा पर्चा

जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते अखिलेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया।

उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू हो गया है, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं की भाषा बदल गई है। अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार तरह-तरह के बहाने कर रही है। उन्होंने कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला समाजवादियों ने रखी थी। भाजपा सरकार ने केवल नकारात्मकता और नफरत की राजनीति की है जिसे अब जनता जान चुकी है। गुरुवार को उन्होंने दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अफसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल के समक्ष नामांकन किया।

एक नजर

मारपीट से मौत का आरोप तीन के खिलाफ रिपोर्ट

पुवायां। गांव जेवा निवासी वीरेंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 29 फरवरी को चचेरा भाई रवींद्र कुमार और पुत्र राजीव कुमार बाइक से आवश्यक कार्य के लिए गांव सुजानपुर गए थे। वापस आते समय शाम सात बजे गेंदन ढाबे के पास पीछे से बाइक से आ रहे पडोसी गांव के दीपू व दो अन्य ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी। जिससे उसका पुत्र राजीव कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। आरोपी तीनों ने उसके पुत्र को बुरी तरह से मारा पीटा भी था। उसके भाई को भी चोटें आई थी। बरेली में इलाज के दौरान 22 मार्च को राजीव कुमार की मृत्यु हो गई।

युवक से मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

खुदागंज। क्षेत्र के ग्राम मुंडा हरबंशपुर निवासी दीपक सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को वह बाजार से सामान खरीदने गया था, इसी दौरान खुदागंज के मोहल्ला कायस्थान निवासी फकीरे आलम, आफताब आलम, महताब आलम व मुन्ना गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोग हमलावर हो गए और मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बस अड्डे पर बसें न होने से भटके यात्री

चुनाव ड्यूटी में गईं 38 बसें, बसों के फेरे बढ़े फिर भी परेशान दिखे लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः चुनाव ड्यूटी तथा रैली में निगम तथा अनुबंधित बसों के चले जाने से गुरुवार को रोडवेज बस अड्डे पर बसें न होने से यात्रियों को बसों के इंतजार में घंटों में बैठना पड़ा। यात्री वाहनों के लिए इधर-उधर भटकते रहे। बता दें स्थानीय डिपो में निगम की 114 तथा 74 अनुबंधित बसें संचालित हो रही है। निगम की 35 बसें दिल्ली के लिए संचालित हो रही है।

जबकि अनुबंधित बसें बरेली, खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, जलालाबाद, खुटार, बंडा के लिए संचालित हो रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस कर्मचारियों तथा होमगार्ड को ले जाने के लिए निगम की 38 बसें जा चुकी है। चुनाव ड्यूटी में जो बसें गई है, वह दिल्ली रूट की बसें है। दिल्ली रूट की बसें कम हो जाने से दिल्ली जाने वालें यात्रियों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। जबकि यात्रियों को दिक्कत न हो, इसके लिए बसों के फेरे बढ़ा दिए गए है। इधर प्रधानमंत्री की रैली को लेकर तीन दर्जन अनुबंधित बसें गुरुवार की सुबह ददरौल तथा जलालाबाद तहसील में चली गई थी। बस अड्डे पर बसों की संख्या कम हो जाने से यात्रियों को बसों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा और बसों के इंतजार में घंटों बैठना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी जलालाबाद, खीरी तथा पुवायां जाने वाले यात्रियों को हुई है।

रोडवेज बस स्टैंड पर भटक रहे यात्री और नजर आ रहीं इक्का-दुक्का बसें। ● अमृत विचार

जलालाबाद के लिए बंद रही बसें

बरेली मोड़ के मैदान पर प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा को लेकर जलालाबाद रोड पर बसों का संचालन बंद रहा। जिन यात्रियों को जलालाबाद तथा फर्रुखाबाद जाना था, उन यात्रियों को अधिक परेशानी हुई। जलालाबाद जाने वाले लोग बस से कटरा गए और कटरा से दूसरी बस पकड़कर फर्रुखाबाद के लिए गए। लोगों को अधिक किराया की मार झेलनी पड़ी है। शाम साढ़े छह बजे के बाद जलालाबाद रूट खुल गया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

> चुनाव ड्यूटी में निगम की 38 बसें गई है। यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके लिए बसों के फेरे बढ़ा दिए गए है।
>
> **-आरएस पांडेय** एआरएम

वाहन न चलने पर बच्चों और सामान के साथ पैदल जाते लोग।

लोगों पर भारी पड़ी सभा, कष्टकारी रहा सफर

शाहजहांपुर, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को देखते हुए शहर में पहले से ही रूट डायवर्जन कर दिया गया था। चूंकि इन दिनों शादी-बरातों का भी सीजन चल रहा है, इसलिए लोगों का घर से निकलना भी जरूरी था। किसी के अपने की शादी थी तो किसी को रिश्तेदारी में जाना था। शहर की ओर से बरेली मोड़ जाने के लिए अजीजगंज में ही ई-रिक्शे रोके जा रहे थे, इसलिए ई-रिक्शों से उतर कर फर्रुखाबाद जाने वाले लोग पैदल ही सिर पर सामान रखे और गोद में बच्चों को उठाए चिलचिलाती धूप में पैदल जाने को मजबूर हुए। इसी तरह अन्य मार्गों पर भी लोग परिवार के सदस्यों के साथ पैदल आते-जाते देखे गए। ऐसे लोगों को मोदी की सभा बहुत भारी पड़ी।

डग्गामार वाहन चालकों ने वसूला मनमाना किराया

जलालाबाद, अमृत विचारः याकूबपुर तिराहा रोड पर डायवर्जन के कारण यात्री परेशान रहे। डग्गामार वाहनों ने समय का फायदा उठाते हुए अधिक किराया वसूला।

बरेली मोड़ पर पीएम मोदी की सभा होने के कारण जलालाबाद के याकूबपुर तिराहे से शाहजहांपुर जाने वाले वाहनों का रोड डायवर्जन किया गया था। सभी वाहन कटरा होते हुए शाहजहांपुर भेजे गए। जिससे यात्री काफी परेशान हुए।तमाम यात्री फर्रुखाबाद से बदायूं से शाहजहांपुर जाना चाहते थे। परंतु पुलिस ने याकूबपुर चौराहे से उन्हें आगे नही जाने दिया ,उनको याकूबपुर तिराहे पर ही उतरना पड़ा। इस प्रकार उन्हें अधिक किराया भी खर्च करना पड़ा। वहीं बरेली मोड़ तक जाने के लिए डग्गामार वाहनों ने यात्रियों से अधिक कराया भी वसूला गया। यह सिलसिला सवेरे से शाम पांच बजे तक देखा गया।

पानी इकट्ठा न होने दें ताकि मलेरिया का मच्छर न पनप पाए

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करतीं डॉ किरन अग्रवाल। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मौजूद कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर और कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

● **विश्व मलेरिया दिवसः वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में किया कीटनाशक का छिड़काव**

अमृत विचारः वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में विश्व मलेरिया दिवस पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा अस्पताल के परिसर में कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव कराया गया और जल भराव के क्षेत्र की साफ सफाई कराई गई। अस्पताल में आए मरीजों को मलेरिया से बचाव के बारे में अवगत कराया गया तथा लोगों से अपील की गई कि घरों के आसपास पानी को इकट्ठा न होने दें ताकि मलेरिया का मच्छर न पनप पाए। घर पर रखी पानी की टंकी,हऊदी, खाली टायर, गमेलो की जांच करें और आसपास कूड़ा न इकट्ठा होने दें और यदि किसी चीज में पानी इकट्ठा हो रहा है तो उसकी सफाई की जाए तथा इसके अलावा मलेरिया बुखार के लक्षण को पहचानने के तरीके बताए गए। विभाग द्वारा मलेरिया विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के वरिष्ठ अध्यापक की देखरेख में रेजिडेंट डॉक्टरों ने मलेरिया विषय पर संबोधन किया। मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक मलेरिया प्रश्न प्रतियोगिता भी कराई गई।

इस अवसर पर वरुण अर्जुन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.अशोक कुमार अग्रवाल , वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी की उप कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. केजी पॉल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस. शिव कुमार तथा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. जावेद हसन एवं विभाग के सभी शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

राहतः मलेरिया दिवस पर 4315 की जांच हुई, नहीं मिला कोई मरीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 4315 लोगों की मलेरिया की जांच की गई। कोई भी मलेरिया धनात्मक रोगी नहीं मिले। शहर तथा ब्लॉक में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. आरके गौतम विश्व मलेरिया दिवस पर आदेश दिए थे कि सरकारी अस्पताल में आने वाली समस्त गर्भवती महिलाओं की मलेरिया की जांच कराई जाए और स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। पूर्व मलेरिया रोगियों की ग्लास बनाना सुनिश्चित करें। सीएमओ के निर्देश पर शहर में नौ स्थानों पर कैंप लगाए गए। 721 बुखार के मरीजों की मलेरिया की जांच की गई। सभी परिणाम नकारात्मक रहे है। हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर 1106 जांचें की गई।

● **शहर तथा ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा एंटी लार्वा का छिड़काव**

> जिले में विशेष अभियान चलाकर कुल 4315 लोगों की मलेरिया की जांच की गई, जिसमें कोई भी मलेरिया धनात्मक रोगी नहीं मिला। शहर तथा ब्लॉकों में दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई दिन से बुखार आ रहा है तो मलेरिया की जांच जरूर करा लें। - **डॉ. राजीव कुमार मौर्य,** जिला मलेरिया अधिकारी

मलेरिया की जांच करने पहुंचे स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में डायमेंशनल मॉडल तैयार कर किया गया प्रस्तुतिकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रुहेलखंड अस्पताल के नाक, कान व गला रोग विभाग में नैदानिक तैनाती के तहत एमबीबीएस तृतीय वर्ष, भाग 1 (2021-22 बैच) के छात्रों ईएनटी से संबंधित विभिन्न विषयों पर तीन डायमेंशनल मॉडल तैयार कर प्रस्तुत किए। सरल और पुनर्नवीनीकरण सामग्री का उपयोग करके बनाए गए रचनात्मक मॉडल ने विषय में छात्रों के गहन ज्ञान को बढ़ाया।

विवि के प्रो चांसलर और मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, उप कुलपति और वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की उपाध्यक्ष डॉ. किरण अग्रवाल, डीन और प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो) केजी पॉल ने इस अवसर पर छात्रों को प्रोत्साहित किया और छात्रों के उत्साह की सराहना की। ईएनटी विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ संथानकृष्णन ने चिकित्सा स्नातक के समग्र विकास में सीखने के विभिन्न अभिनव तरीकों के महत्व पर जोर दिया।

मॉडल का निरीक्षण करते वरुण अर्जुन विवि के प्रो चांसलर और मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, उप कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल।

● **सरल और पुनर्नवीनीकरण सामग्री का उपयोग करके बनाए गए रचनात्मक मॉडल**

बर्तन विक्रेता ने ग्रामीण को पीटा

तिलहर, अमृत विचारः गांव इटौआ निवासी रविंद्र ने बताया कि वह गुरुवार शाम को नगर के स्टेशन रोड स्थित रस्तोगी धर्मशाला के सामने बर्तन विक्रेता की दुकान पर विवाह में देने के लिए बाल्टी लेने पहुंचा था।बर्तन विक्रेता ने बाल्टी दिखाई और पैसे बताए। इस दौरान रविंद्र ने कहा कि पैसे ज्यादा हैं और वह बाल्टी नहीं लेगा। इतने पर ही बर्तन विक्रेता उग्र हो गया और गाली गलौज करने लगा।

विरोध पर डंडे से मारपीट की। पीड़ित अपनी बाइक वहीं पर छोड़कर भागते हुए बाईपास पुलिस चौकी पहुंचा और यहां पर मौजूद चौकी प्रभारी सुखपाल सिंह को आप बीती सुनाकर मदद की गुहार लगाई। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन यहां पर व्यापारी के द्वारा लगातार उग्र लहजे में बातचीत जारी रही। जिसके बाद पीड़ित ग्रामीण आरोपी व्यापारी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देने के लिए चला गया।

चुनाव ड्यूटी को किया 1450 वाहनों का अधिग्रहण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **वाहन स्वामियों को दिए 10 मई तक ओसीएफ मैदान में खड़े करने के निर्देश**

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव जिले में चौथे चरण 13 मई को होगा। चुनाव ड्यूटी के लिए 1450 वाहनों को अधिग्रहण किया गया है, सभी वाहन स्वामियों को नोटिस दे दिया गया है कि वाहन समय से ओसीएफ रामलीला मैदान में लेकर आ जाएं। इसमें कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी। वाहन नहीं लाने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

जिले में लोकसभा का चौथे चरण का चुनाव 13 मई को होगा। उस दिन लोकसभा तथा ददरौल विधानसभा का उपचुनाव भी होगा। चुनाव ड्यूटी के लिए सरकारी बसें, ट्रक, पिकअप तथा मिनी बसें समेत 1450 वाहन अधिग्रहण किए गए हैं। पुलिस प्रशासन के लिए 50, ट्रकों की संख्या 150, प्राइवेट तथा सरकारी व प्राइवेट बसें 550 तथा छोटे वाहन 700 अधिग्रहण किए जाएंगे है। सभी प्राइवेट वाहन मालिकों नोटिस भेज दे दिए गए है कि 10 मई को ओसीएफ रामलीला मैदान वाहन खड़े हो जाने चाहिए। वाहन स्वामियों से कह दिया कि किसी प्रकार की बहानेबाजी नहीं चलेगी। एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय ने बताया कि चुनाव को लेकर वाहनों को अधिग्रहण किया जा रहा है। वाहनों को 10 मई की शाम तक ओसीएफ रामलीला मैदान में खड़ा करवा दिया जाएगा।

लोकसभा चुनाव : सामान्य व पुलिस प्रेक्षक किए गए नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **रिलायंस गेस्ट हाउस के वीआईपी कक्ष में रुकेंगे प्रेक्षक**

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जनपद के लिए सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति कर दी गई है।

जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय ने बताया कि नियुक्त प्रेक्षक जनपद पहुंच चुके हैं। जिनके प्रवास स्थल, मोबाइल नंबर और राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों और जन सामान्य से मुलाकात का शेड्यूल भी निर्धारित किया गया है। प्रेक्षक बाबूलाल गोयल रिलायंस गेस्ट हाउस के वीआईपी कक्ष संख्या चार में रुकेंगे। मोबाइल नंबर 8960595899, लैंडलाइन नंबर 05842-298642 व मिलने का समय सुबह 11-12 बजे तक मीटिंग हॉल रिलायंस गेस्ट हाउस।

दूसरे प्रेक्षक राजीव रंजन भी रिलायंस गेस्ट हाउस के वीआईपी कक्ष संख्या पांच में रुकेंगे। इनका मोबाइल नंबर 8960492895 व लैंडलाइन नंबर 05842-298642 है। मिलने का समय सुबह 11-12 बजे तक मीटिंग हॉल रिलायंस गेस्ट हाउस रहेगा।

दिक्कत सीवर लाइन डालने की अवधि दो महीना और बढ़ी, आए दिन कहीं न कहीं लीकेज हो रही पाइपलाइन

दो महीने और जाम से हलकान रहेंगे शहरवासी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः महानगर में सीवर लाइन डालने की समय अवधि दो महीना और बढ़ गई है। ऐसे में लोगों को दो महीने तक परेशानी झेलनी होगी। वर्तमान में खोदाई के चलते गली-मोहल्ले बदहाल पड़े हैं। ऐसे में लोगों को निकलने मेंपरेशानी हो रही है। आए दिन कहीं न कहीं लीकेज हो जाती है, जिसको लेकर सड़कों पर खुदाई की जाती है। इसके चलते जाम लगता है।

सीवर लाइन डाल रही कार्यदायी संस्था की मनमानी व जल निगम अभियंताओं की उदासीनता से सड़कों की बदहाली जारी है। दूसरी बार समय सीमा बढ़ाए जाने के बावजूद परियोजना का कार्य पूरा नहीं किया जा सका। अभी तक 16 किमी सीवर और 14 हजार के लगभग कनेक्शन बाकी है। नतीजतन अब जून तक सीवर बिछाने व कनेक्शन, मरम्मत का कार्य बरसात के बाद तक चलने की संभावना जताई जा रही है। वर्ष 2019-20 में 377 करोड़ से महानगर के लिए सीवर लाइन परियोजना स्वीकृत हुई थी। टेक्नोक्राफ्ट ने जल निगम से घटे दर पर टेंडर डालकर 248 करोड़ में सीवर परियोजना के लिए अनुबंध किया। जून 2023 में तक पूर्ण करना था, लेकिन कार्यदायी संस्था समय से कार्य पूरा नहीं कर सकी। कार्यदायी संस्था पर दो करोड़ की पेनाल्टी लगाकर 31 दिसंबर तक का समय बढ़ा दिया था। दिसंबर तक 88 प्रतिशत ही कार्य पूर्ण हो सका। कार्यदायी संस्था ने दोबारा से समय सीमा मांगी। जल निगम मुख्यालय ने दूसरी बार मार्च तक समय सीमा बढ़ा दी, लेकिन अभी भी सीवर लाइन का कार्य अधूरा है। जून तक कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

फाल्ट तलाशने के लिए गड्ढा खोदा, सड़क किनारे पड़ी मिट्टी। ● अमृत विचार

● **गली मोहल्लों में खोदाई से हो रही लोगों को परेशानी**

> सीवर लाइन का कार्य पूर्ण न करने पर कार्यदायी संस्था के भुगतान में 10 प्रतिशत की कटौती की जा रही है। सीवर लाइन बिछाने व कनेक्शन करने के लिए जून तक का समय दिया गया है। **-कपिल एम सिंह,** अधिशासी अभियंता जल निगम।

यहां अधूरा है कार्य

घंटाघर से स्टेशन तक जाने वाले रोड से पूरब के मोहल्लों में सीवर लाइन बिछाने, कनेक्शन व चैंबर का कार्य शेष है। सड़कों व मोहल्लों की गलियों की मरम्मत भी नहीं कराई गई है। बिजलीपुरा में ऑडिटोरियम रोड को भी खुला छोड़ दिया गया है। यहां तीन बार लीक हो चुकी पाइप लाइन की मरम्मत के बाद गड्ढों को भी नहीं भरा गया। इसी तरह भारद्वाजी, बाबूजई, हयातपुरा, हुसैनपुरा, चमकनी, करबला आदि क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने के साथ ही गलियों की भी मरम्मत नहीं की गई। जल निगम अभियंताओं की ढिलाई की वजह से कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार भी कोई ध्यान नहीं दे रहे है।

बोलेरो-बस की भिडंत में छह बराती घायल

खुदागंज, अमृत विचारः बोलेरो से बारात में शामिल होने जा रहे बारातियों की कार को गुरुवार रात 10 बजे एक तेज रफ्तार बस ने जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे आधा दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। खुदागंज के मोहल्ला साहूकारा निवासी रीतराम के यहां गुरुवार को बारात आनी थी, जिसमें तिलहर थाना क्षेत्र के गांव खजुआ गोटिया बमनुआ निवासी दिनेश सतेंद्रराम, जानकी, राजेश, शशांक सहित दर्जन भर लोग बोलेरो से खुदागंज जा रहे थे। अकबरपुर गांव के निकट खुदागंज से कटरा की ओर जा रही बस ने टक्कर मार दी। जिससे आधा दर्जन से अधिक बराती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं को एकजुटता का संदेश देतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

राष्ट्रहित के कार्यों के लिए संकल्पित रहे रेंजर्स

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर शिविर का दूसरा दिन**

● **छात्राओं को दी गई सीपीआर स्ट्रेचर बनाने और अग्नि शमन की जानकारी**

अमृत विचारः आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत प्राचार्या डॉ. सुनीता जैसल ने ध्वजारोहण तथा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन से की। छात्राओं ने सरस्वती वंदना का सामूहिक गान किया।

रेंजर्स प्रभारी डॉ. रजनी सिंह ने कहा कि रेंजर्स को राष्ट्रहित के कार्य करने को संकल्पित रहना चाहिए। उन्होंने रेंजर्स को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि एकता के प्रभाव से अनेकानेक समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। रेंजर्स प्रशिक्षक डॉ. सरिता गुप्ता तथा कंचन मिश्रा ने छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा (सीपीआर, स्ट्रेचर बनाने की विधि, अग्नि शमन की शिक्षा) प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना, मतदाता के प्रति जागरुकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शालिनी श्रीवास्तव का सहयोग रहा। शिविर में डॉ. संतोष सक्सेना, प्रो. रुपांशु माला, डॉ. दुर्गावती सिंह, अनुराधा, रितु शर्मा, मनोरमा शुक्ला, नम्रता लता, माया देवी, प्रज्ञा वर्मा आदि छात्राएं उपस्थित रहीं।



मोदी की गारंटी: घर-घर होंगी लखपति दीदी, बदलेगी गांवों की तकदीर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर के समर्थन में की जनसभा, कहा-आपका वोट देश को विकसित करेगा

मंच पर पहुंचने पर सबसे पहले भगवान शिव और परशुराम का आह्वान करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में अन्य विशिष्टजन। ● अमृत विचार

बरेली मोड़ स्थित मैदान में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए उमड़े लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: शुक्रवार को बरेली मोड़ मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तक पीएम आवास महिलाओं के नाम किए गए हैं। इसी तरह शौचालय, जल जीवन से महिलाओं-बहनों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच सालों में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। जब गांव में घर-घर लखपति दीदी होंगी तो गांव की तकदीर बदलेगी। यह मोदी की गारंटी है।

मंच पर पहुंचने पर सभी ने मोदी का अभिवादन किया, लेकिन उन्होंने सबसे पहले भगवान शिव और परशुराम को प्रणाम किया। फिर अपना भाषण शुरू किया। मोदी ने भाजपा के लोकसभा से अरुण कुमार सागर और ददरौल विधानसभा के उप चुनाव के प्रत्याशी अरविंद सिंह को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव सामान्य नहीं है। मोदी ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि यह चुनाव महज हार-जीत का चुनाव नहीं है, बल्कि एक-एक वोट सशक्त भारत को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा, देश को मजबूत बनाने में आपका वोट ही गारंटी बनेगा।

सूबे में योगी सरकार से पहले और योगी सरकार के बाद का अंतर समझाते हुए कहा कि पहले न तो प्रदेश में बिजली मिलती थी और न ही चिकित्सा व्यवस्था, कानून व्यवस्था ही थी, सभी ठप चल रहे थे। सिर्फ गुंडा और माफियाराज था, लेकिन सीएम योगी के आने के बाद एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं, बिजली मिल रही है, औद्योगिक इकाइयां बढ़ रही हैं। युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

अब विकास की गाड़ी फर्राटे भर रही है। शाहजहांपुर में भी गंगा एक्सप्रेस वे तैयार हो रहा है। नेशनल हाईवे लखनऊ-दिल्ली की दूरी कम कर रहे हैं। यह डिफेंस कॉरिडोर से भी जुड़ने जा रहा है। शाहजहांपुर में एक जिला-एक उत्पाद के तहत जरी-जरदोजी का लाभ मिल रहा है, किसानों की किस्मत बदल रही है। गन्ना किसानों को समय से भुगतान हो रहा है।

कांग्रेस और सपा गठबंधन पर हमलावर होते हुए मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी इससे पहले भी बनी, इनसे विकास की क्या उम्मीद रखी जा सकती है। सभी स्वार्थ में लिप्त हैं। कहा कि मोदी अपने काम का लेखा-जोखा लेकर ही वोट मांगता है। वहीं, सपा-कांग्रेस ने कभी हिसाब नहीं दिया। मोदी ने जहां मेडिकल कॉलेज बनवाए, वहीं अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण भी कराया।

सपा-कांग्रेस के राज में अयोध्या, मथुरा-काशी में बम के धमाके सुनाई पड़ते थे, रामभक्तों पर गोलियां चलाई जाती थीं। आतंकी हमले होते थे, लेकिन 2014 में मोदी के आने के बाद बम के धमाके सुनाई देने बंद हो गए।

सही बात तो यह है कि यह मोदी ने बल्कि आपके वोट की ताकत ने किया है, इसलिए इस बार भी आपका वोट गलत हाथों में नहीं जाना चाहिए। सही पार्टी को वोट देने से ही सही परिणाम सामने आएंगे। मोदी को सुनने जनसभा में बड़ी संख्या में जनसमूह उमड़ा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पटका पहनाकर सम्मानित करते वित्तमंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

डिप्टी सीएम के साथ वरिष्ठजनों ने साझा किया मंच

शाहजहांपुर। पीएम मोदी की रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, जिला प्रभारी सुरेश राणा, लोकसभा प्रभारी राम गोपाल मिश्रा, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, महापौर अर्चना वर्मा, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, लोकसभा संयोजक अरुण गुप्ता, धौरहरा की सांसद रेखा वर्मा, विधायक चेतराम, विधायक हरि प्रकाश वर्मा, विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, विधायक सलोना कुशवाहा, सांसद एवं लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर, ददरौल उप चुनाव के पार्टी प्रत्याशी अरविंद सिंह आदि ने मंच साझा किया। संचालन कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संभाला। पीएम से पहले डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, जिला प्रभारी सुरेश राणा, सांसद अरुण सागर समेत विधायकों ने विचार व्यक्त करते हुए वोट मांगे।

पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर मंच पर उनका पारंपरिक ढंग से सम्मान भी किया गया। पहले डिप्टी सीएम बृजेश पांडेय और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मोदी को पटका पहनाकर सम्मानित किया, इसी क्रम में अन्य विशिष्टजनों ने बुके देकर और स्मृति चिन्ह के रूप में हनुमतधाम का चित्र और हनुमान जी की फोटो, मूर्ति और राम दरबार आदि भेंटकर सम्मानित किया।

एक नजर

सभा के बाद खाली बोतलें बटोरता युवक।

...लो जरूरतमंदों की हो गई दिहाड़ी की जुगाड़

रोज कुआं खोदकर पानी तलाशने वालों के लिए सभा दिहाड़ी का काम कर गई। चूंकि तेज धूप और लू के थपेड़े खूब चल रहे थे, इसलिए लोगों के गले भी सूख रहे थे। पानी की हालांकि भाजपा की ओर से पानी की व्यवस्था की गई थी, लेकिन 60-70 हजार की भीड़ में वाटर कूलर से पानी कैसे पूर्ति कर पाते, इसलिए लोगों ने बोतलों वाला खरीद कर पीना जरूरी समझा। पानी की खाली बोतले इस तरह इधर-उधर खूब इकट्ठी होती रहीं। सभा के बाद जरूरमंद इन बोतलों को उठाकर बोरी में भरकर ले जाते देखे गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, साथ में सांसद अरुण सागर व धौरहरा सांसद रेखा वर्मा।

मोदी-योगी की जोड़ी के रूप में जनसभा में पहुंचे युवा। ● अमृत विचार

मोदी-योगी जोड़ी में युवाओं ने लुभाया

मोदी की रैली में समर्थकों के लटके-झटके भी खूब देखने को मिले। कुछ युवा अपने शरीर पर भाजपामय बनाते हुए जनसभा पहुंचे। पूरे शरीर पर मोदी-योगी लिखवाकर कमल का फूल बनाए हुए ये युवा अपने चेहरों को तिरंगा पेंट कराए हुए थे। सभा में इन युवाओं को देखकर लोगों ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाए। मोदी के आने पर इन्होंने खूब नारेबाजी भी की।

कुछ इस तरह मोदी के कटआउट लेकर पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

मैं हूं मोदी का परिवार

पीएम की जनसभा में तमाम महिलाएं और पुरुष हाथों में मैं हूं मोदी का परिवार और अबकी बार 400 पार के हैंड कटआउट लेकर पहुंचे। कैमरामैन देखकर ये लोग हाथों में पकड़े छोटे-छोटे कटआउट ऊपर उठाकर माहौल को और भव्य बना रहे थे। मोदी के आने पर भी उन्होंने ये कटआउट दिखाकर जोश भरने का काम किया। कुछ लोग कमल का फूल वाला कटआउट लिए उत्साहित हो रहे थे।

जनसभा के दौरान उत्साहित महिला कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पंडाल में दिखीं पूर्व राज्यमंत्री कृष्णाराज

पार्टी की नेता पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णाराज मंच के बजाय आम कार्यकर्ताओं के साथ पंडाल में बैठी दिखाई पड़ीं। आमतौर पर कृष्णाराज पार्टी की सभी सभाओं में मंच पर देखी जाती रही हैं। वह इस बार भी टिकट की दावेदारी भी कर रही थीं, लेकिन पार्टी हाईकमान ने एक बार फिर अरुण सागर पर विश्वास जताया। फिलहार पीएम मोदी की सभा में कृष्णाराज को आम कार्यकर्ताओं के बीच बैठे देख लोग अचंभित भी होते रहे। पूछने पर उन्होंने बताया कि वह लोगों से मुलाकात भी कर रही हैं और अपने शुभचिंतकों का हाल भी जान रही हैं। कुछ देर बैठने के बाद वह पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यभान सिंह भदौरिया के साथ पंडाल के पीछे की ओर निकल गईं।

मोदी-योगी के कटआउट के साथ फोटो खिंचवाते लोग।

मोदी-योगी के कटआउट बने आकर्षण का केंद्र

मोदी की जनसभा में मुख्य मार्ग से लेकर सभा स्थल तक मोदी और योगी के कटआउट बड़ी संख्या में लगवाए गए थे। लोगों ने अपने प्रिय नेताओं के साथ खूब सेल्फी ली और फोटो भी खिंचवाए। ये कटआउट मुख्य मार्ग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगे थे, वहीं तीनों विशालकाय पंडालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदमकद कटआउट लगाए गए थे। सभा के बाद इन कटआउट को लोग अपने साथ उठा ले गए।

बच्चे को गोद में लेकर महिला पुलिसकर्मियों ने की ड्यूटी

इसे कहते हैं ड्यूटी। पीएम मोदी की सभा में हजारों सुरक्षाकर्मी लगाए गए थे, जिनमें काफी संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं। एक महिला पुलिसकर्मी की संभवत: जल्द ही शादी हुई होगी। चूंकि मोदी की सभा होनी थी, इसलिए छुट्टी भी नहीं मिल रही होगी, इसलिए ड्यूटी पर आना जरूरी था। हाथों में कोहनी तक लाल-सफेद चूड़ियां पहने पुलिस की वर्दी में युवा महिला पुलिसकर्मी देखी गई। वहीं, एक महिला पुलिसकर्मी छोटे बच्चे को गोद में लिए ड्यूटी करती रही। तेज लू के थपेड़ों और चिलचिलाती धूप में यह महिला अपने बच्चे को दुलारते हुए अपने फर्ज को अंजाम दे रही थी।

प्रधानमंत्री को लेकर पहुंचा हेलीकॉप्टर। ● अमृत विचार

तीन-तीन हेलीकॉप्टर देख रोमांचित हुए लोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंवला से सीधे हेलीकॉप्टर से शाहजहांपुर पहुंचे। करीब पौने पांच बजे एक हेलीकॉप्टर सभा स्थल के समीप ही मैदान में उतारा गया, इसके बाद दूसरा और फिर तीसरा। तीसरे हेलीकॉप्टर को उतरने में काफी दिक्कत हुई, क्योंकि पहले के दोनों हेलीकॉप्टर उतरने से इतनी धूल उड़ चुकी थी, कि नीचे सब कुछ अदृश्य हो चुका था। ऐसे में तीसरा हेलीकॉप्टर कुछ समय हवा में ही रुका रहा। जब धूल कम हुई और दिखाई देना शुरू हो गया, तब तीसरे हेलीकॉप्टर ने लैंड किया। सभा के बाद भी एक-एक कर तीनों हेलीकॉप्टर पश्चिम दिशा की ओर उड़ते हुए आंखों से ओझल हो गए। उड़ते हुए हेलीकॉप्टर्स की लोगों ने वीडियो भी खूब बनाई।

सभा के बाद होर्डिंग्स उखाड़ने की लगी होड़

जनसभा में चारों और बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए थे। आकर्षक होर्डिंग्स चारों ओर सड़क किनारे और सभा स्थल पर सजे हुए थे। जनसभा खत्म होते ही गांवों से आने वाले और गरीब लोग होर्डिंग्स उखाड़ने में जुट गए। ये होर्डिंग्स उन्हें बरसात और तेज हवा के थपेड़ों से बचाने का काम करेंगे।

मोदी-मोदी के नारे लगाने पर हाथ हिलाकर अभिवादन करते प्रधानमंत्री।

संबोधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-रामजी के काज से जन्मों के पुण्य मिल जाते हैं

राम मंदिर निर्माण रुकवाने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तो कांग्रेस ने रुकवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। निमंत्रण भी ठुकरा दिया। रामजी के काज में तो शामिल होने से जन्मों के पुण्य मिल जाते हैं, लेकिन इन्होंने वह भी नहीं स्वीकारे और रामभक्तों को पाखंडी कहना शुरू कर दिया। ऐसे लोग एक वोट के भी हकदार नहीं हैं। पहले इन्होंने देश में आपातकाल लगाया। जेलें भर दी गईं। सच्चाई लिखने वाले पत्रकारों को भी जेल मिली। अब कांग्रेस ने फिर से फलॉप फिल्म जारी कर दी है, जो रिलीज भी हो चुकी है। इसमें डॉयलॉग आते हैं कि मोदी अबकी बार आए तो, तानाशाही बढ़ जाएगी आरक्षण चला जाएगा। इसका ट्रेलर कांग्रेस के घोषणा पत्र में दिखाई दे गया है। कांग्रेस के इरादे देश देख रहा है। वह शहर में हुई जनसभा में बोल रहे थे। मोदी ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर और ददरौल विधानसभा के उप चुनाव के प्रत्याशी अरविंद सिंह को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक मॉडल देश पर थोपना चाहती है, जिसमें एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य गरीबों का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देने का है। डॉ.आंबेडकर ने ओबीसी को जो 27 फीसदी आरक्षण देने की बात कही थी, उसे भी मुस्लिमों की सभी जातियों में बांटा दिया गया है। यह ओबीसी के साथ खुली लूट है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में भी कांग्रेस ने पिछड़ों का आरक्षण का हिस्सा बांटने का आदेश कर दिया था, लेकिन न्यायालय ने रुकवा दिया। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मंशा संविधान बदलकर दलितों, पिछड़ों का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देने की है। सत्ता के लालच में कांग्रेस ओबीसी की पीठ में छुरा घोंपने का काम कर रही है, लेकिन मोदी ऐसा नहीं होने देगा। हमने सामान्य गरीबों के लिए अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया, क्या ब्राह्मण, बनिया, क्षत्रिय आरक्षण के हकदार नहीं है, उन्हें भी लाभ मिलना चाहिए। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा धर्म के नाम पर आरक्षण चाहते हैं, ताकि उनका वोट बैंक बना रहे। इतना ही नहीं, कांग्रेस आपकी संपत्ति की जांच कराना चाहती है।

इससे आपकी जमीनें, खेती, लॉकर, मकान, सोना, जेबर, माताओं और बहनों के मंगलसूत्र की जानकारी का एक्सरे करा सकें। आपका पैसा और संपत्ति वोट बैंक वालों में और आपकी जमीन छीनकर दूसरों को देने की है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी है। सबसे ज्यादा घोटालों वाली पार्टी से सावधान रहें। चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों का हिसाब होगा।

गीतों पर मोबाइल की लाइट जलाकर झूमते उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य। ● अमृत विचार

विशिष्टजनों ने प्रचार गीतों पर लाइट जलाकर मंच से लहराए मोबाइल

जैसे ही मोदी के हेलीकॉप्टर की आवास सुनाई पड़ी और लोगों ने आसमान में हेलीकॉप्टर देखे कि व्यवस्थानुसार भाजपा के प्रचार और मोदी जी पर बनाए गीत पंडाल में गूंजने लगे। यह व्यवस्था साउंड वालों को पहले ही बता दी गई थी। गीतों की धुन पर पंडाल में जुटा हजारों श्रोताओं का हुजूम ही नहीं, बल्कि मंच पर बिराजमान डिप्टी सीएम, कैबिनेट मंत्रियों समेत सभी वरिष्ठ पदाधिकारी अपने मोबाइल की लाइट जलाकर और मोबाइल लहराते हुए मस्ती में झूमने लगे। मंचीय विशिष्टजनों को झूमते देख महिलाएं और पुरुष भी अपने मोबाइल की लाइट जलाकर हाथों को ऊपर उठाकर मोबाइल लहराने लगे। यह नजारा भी आकर्षण का केंद्र रहा।

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
नि:शुल्क
परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज

डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली

प्रहलाद सक्सेना, बरेली
9 mm

अरशद, सेंथल
6 mm & 4 mm

राम, बीसलपुर
12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

मनमर्जी का परमिट, किराया न रूट निर्धारित

ई-रिक्शा को लेकर प्रशासन कई बार कर चुका है बैठक, अब तक नहीं लगी किराए की सूची

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: जिला प्रशासन के साथ नगर निगम और एआरटीओ प्रवर्तन की कई बार ई-रिक्शा के रूट निर्धारण और किराए को लेकर बैठक हो चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन अभी तक किराया और न ही रूट निर्धारित कर पाया है। जिससे जगह-जगह जाम लगता है तथा किराए को लेकर आए दिन सवारियों से नोकझोंक होती है। जिले में करीब 15 ई-रिक्शा है और साढ़े नौ हजार का एआरटीओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन है।

जिले में ई-रिक्शा की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान समय में करीब साढ़े 11 हजार ई-रिक्शा है और साढ़े नौ हजार ई-रिक्शा का एआरटीओ कार्यालय में पंजीकरण है। अधिकांश चालकों के डीएल नहीं है। जिला प्रशासन के साथ एआरटीओ प्रवर्तन तथा नगर निगम की शहर में ई-रिक्शा का रूट तय करने और किराए को लेकर कई बार बैठक हो चुकी है। नगर निगम तथा एआरटीओ ने इसको लेकर खाका तैयार किया था, जो कागजों पर सिमट कर रह गया। शहर में मुख्य बाजार बहादुरगंज, मल्हार रोड, स्टेशन रोड, कच्चा कटरा मोड़ अंजान चौकी चौराहा, रोडवेज बस अड्डे, पचराहा आदि पर जाम लगता है। ई-रिक्शा चालकों का किसी स्थान का कोई किराया निर्धारित नहीं है। मनमर्जी का किराया वसूल करते है। जिस कारण आए दिन सवारियों से ई-रिक्शा चालकों से नोकझोंक होती है। जबकि स्टेशन से बस अड्डे का किराया पांच रुपये है, दस रुपये लेते है। इसी प्रकार बस अड्डे से बरेली मोड़ तथा रोजा तक का 15 रुपये किराया है और बीस रुपये वसूल करते है। रोडवेज बस अड्डे, स्टेशन परिसर, मेडिकल कॉलेज, बरेली मोड़, रोजा अड्डा आदि स्थानों पर किराया सूची नहीं लगी है। इसके अलावा चार के स्थान पर पांच सवारियां बैठा लेते है और रात में हेड लाइट तथा डिपर का प्रयोग नहीं करते है। शहर में ई-रिक्शा के जाम से लोग परेशान है।

महानगर की एक सड़क में गुजर रहे ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

> ट्रैफिक पुलिस के साथ समय-समय पर ई-रिक्शा की चेकिंग की जाती है। बिना रजिस्ट्रेशन के चलने वाले कई रिक्शा का चालान किया जा चुका है। बिना फिटनेस के संचालन और बिना लाइसेंस पर चलाने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना है। **-शांति भूषण पांडेय**, एआरटीओ प्रवर्तन

- **आए दिन लगता है जाम किराए को लेकर भिड़ते हैं चालक और सवारियां**

शहर में नहीं की जाती ई-रिक्शा की चेकिंग

शहर में कुछ लोगों ने कई रिक्शे खरीद रखे है। मालिक ई-रिक्शा किराए पर देते है, जो 12 घंटे के तीस रुपये किराया लेता है। जब व्यक्ति की इच्छा होती है तो किराए पर ई-रिक्शा लेकर चलवाने लगते है। अधिकांश चालकों के पास डीएल नहीं है। चालक कोई प्रशिक्षण नहीं लेते है। चौराहे पर खड़े ट्रैफिक सिपाही सिर्फ बाइकों की चेकिंग करते और चालान करते है। जबकि ट्रैफिक सिपाही ई-रिक्शा तथा डग्गामार वाहनों की चेकिंग नहीं करते है। जबकि ट्रैफिक नियमानुसार इन वाहनों की भी चेकिंग होनी चाहिए।

बेगमपुरा एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें विलंब से पहुंची

शाहजहांपुर, अमृत विचार: बेगमपुरा एक्सप्रेस समेत आधा दर्जन ट्रेनें कई घंटे विलंब से स्टेशन पर पहुंची। ट्रेनों के लेट होने से एक दर्जन यात्रियों ने अपने रिजर्वेशन टिकट वापस किए है। ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अंबाला में किसान आंदोलन को लेकर ट्रेनें कई दिन से विलंब से यहां आ रही है।

गुरुवार को डाउन लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 16 घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस 15 घंटे, पंजाब मेल 10 घंटे, सियालदहा एक्सप्रेस सात घंटे विलंब से यहां पहुंची। पटना, गया तथा वाराणसी जाने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म पर कई घंटे तक बैठना पड़ा।

यात्री परेशान हो गए। एक दर्जन यात्रियों ने अपने रिजर्वेशन टिकट काउंटर पर वापस किए। इधर अप लाइन की गंगा सतलज एक्सप्रेस डेढ़ घंटे अमरनाथ एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, सत्याग्रह एक्सप्रेस एक घंटे विलंब से यहां पहुंची है।

सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि डाउन लाइन की ट्रेनें विलंब से आई है।

नाबालिग को भगाने की रिपोर्ट दर्ज

पुवायां। क्षेत्र के गांव की महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी नातिन जिसकी उम्र 17 वर्ष है। जिसे 18 अप्रैल की रात एक बजे अजीत, सत्यदेव और अजीत का साला शिवम बहला-फुसलाकर भगा ले गया। वह अपने साथ 20,000 नगद, एक कमर बिछुआ, एक जोड़ी पायल, बेहसर, झुमकी, मांग बेंदा ले गई। जिसे काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्रीष्मकालीन ट्रेन का संचालन 27 को

शाहजहांपुर। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि वाराणसी से नई दिल्ली के लिए ग्रीष्मकालीन ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन वाराणसी से रात में सात बजकर 20 मिनट पर प्रस्थान करेगी। ट्रेन का स्टापेज भदोही, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद, दिल्ली है। दिल्ली सुबह दस बजकर 55 मिनट पर पहुंचेगी।

स्टेशन पर खाना बेचते पकड़ा गया वेंडर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लेटफार्म पर खाने का पैकेट बेचते हुए एक अनाधिकृत वेंडर पकड़ा गया। पकड़े गए वेंडर को आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया। इधर सभी वेंडरों को चेतावनी दी गई है कि खाने के पैकेट में पालीथीन में छोले की सब्जी मिली तो वेंडर का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

सीएमआई एसके ठाकुर ने टीम के साथ स्टेशन पर अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ अभियान गुवाहाटी एक्सप्रेस के समय चलाया। इस दौरान वेंडरों के लाईसेंस, वर्दी तथा खाने का पैकेट चेक किया गया। प्लेटफार्म एक पर अनाधिकृत वेंडर को पकड़ लिया। उसके पास कोई लाइसेंस नहीं था और फर्जी वर्दी पहनकर खाना का पैकेट ट्रेन में बेच रहा था। पकड़े गए वेंडर का नाम मोहम्मद वकील निवासी निजरजई थाना सदर बाजार है। उसके पास खाने के सात पैकेट बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी को आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया गया। वेडरों को चेतावनी दी गई कि खाने के पैकेट में छोले की सब्जी पालीथिन में मिली तो वेंडर का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। सभी वेंडर वर्दी तथा परिचयपत्र गले में टांगकर रखेंगे। साथ ही जनता खाना का पैकेट हर वेंडर के पास होना चाहिए। टीम में एसएस पीएस तोमर सीआईटी केके, स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद आदि थे।

- **अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ चलाया गया अभियान**
- **पालीथिन में छोले की सब्जी बेचने पर होगा लाइसेंस निरस्त**

पेंट्रीकार मैनेजर पर डेढ़ लाख का जुर्माना

शाहजहांपुर। मुरादाबाद मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक सीआइटी आदि के साथ सियालदहा एक्सप्रेस की पेंट्रीकार को चेक किया। पेंट्रीकार में किसी वेंडर के पास ट्रेवलिंग अथॉरिटी नहीं थी। इसलिए डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना किया गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक विशाल शर्मा सीतापुर गए थे और सीतापुर स्टेशन का निरीक्षण किया था। वह यहां दिन में चार बजे स्टेशन पर आए। उन्होंने सियालदाह एक्सप्रेस की पेंट्रीकार को चेक किया। पेंट्रीकार में किसी वेंडर के पास ट्रेवलिंग अथॉरिटी नहीं होने पर मैनेजर पर डेढ़ लाख रुपये जुर्माना करके वसूला। चेकिंग में सीआईटी कृष्णकांत, टीसी हिना कौशल आदि थे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448
AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE

डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटेन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

कोतवाल के आश्वासन पर प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने नहीं गए बग्गा

पुवायां, अमृत विचार : कोतवाल के आश्वासन पर बलजीत सिंह बग्गा प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने नहीं गए। बग्गा ने कथित बब्बर खालसा गैंग से धमकी के मामले का खुलासा नहीं होने पर उन्होंने प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने की बात कही थी। बग्गा को एक अप्रैल को व्हाट्सएप कॉल कर जान से मारने की धमकी मिली थी। कॉल करने वाले ने कहा था कि जैसे बाबा तरसेम सिंह को उड़ाया है वैसे तुम्हें उड़ा देंगे। कॉल आने के बाद पीड़ित ने तहरीर दी थी। व्हाट्सएप के हेड ऑफिस मेल करके जानकारी भी मांगी थी लेकिन कॉल करने वाला कौन है, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया। पीड़ित ने गुरुवार को जिले में जनसभा को संबोधित करने आ रहे प्रधानमंत्री मोदी को ज्ञापन देने की अनुमति मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर मांगी थी। गुरुवार सुबह कोतवाल प्रदीप राय पीड़ित के फार्म हाउस पहुंचे हैं और उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस के द्वारा की जा रही कार्रवाई पीड़ित को बताई गई और पुलिस सुरक्षा भी फार्म हाउस पर लगा दी गई। इसके बाद उन्होंने प्रोग्राम निरस्त कर दिया।

सुविधा: प्लेटफार्म पांच पर यात्रियों को मिलेगा ठंडा पानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए शीतल पेयजल के लिए प्लेटफार्म चार व पांच पर एक और वाटर कूलर लगेगा, जो दो दिन में चालू हो जाएगा। तपती धूप तथा बारिश से बचाव के लिए प्लेटफार्म पर दो टीन शेड डाले जाएंगे। स्थानीय रेलवे स्टैशन पर प्लेटफार्म एक पर शीतल पेयजल के लिए दो वाटर कूलर लगे है, जो महिला प्रतीक्षालय तथा आरपीएफ थाना के पड़ोस में है। प्लेटफार्म चार व पांच पर एक ही वाटर कूलर है।

भीषण गर्मी को लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म चार तथा पांच पर बरेली दिशा की तरफ एक और वाटर कूलर लगेगा। वाटर कूलर के लिए प्लेटफार्म फाउंडेशन बन गया है। दो दिन में यात्रियों को ठंडा पानी मिलने लगेगा। यात्रियों की एक वाटर कूलर भीड़ जमा नहीं होगी। प्लेटफार्म चार तथा पांच टीन शेड नहीं है। यहां से बालामऊ, सीतापुर तथा लखनऊ के लिए ट्रेनें प्रस्थान करती है। जबकि कि प्लेटफार्म दो व तीन की मरम्मत को लेकर बरेली की ओर जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म चार पर आ रही है। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया यात्रियों की सुविधा के लिए एक और वाटर कूलर लगाया जा रहा है और दो टीन शेड प्लेटफार्म पर डाले जाएंगे।

- **फुट ओवरब्रिज के बनने के बाद डाले जाएंगे दो टीन शेड**

वाटर कूलर लगाने के लिए बनाया गया फाउंडेशन।

बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम जान है तो जहान हैं के तहत बाबा विश्वनाथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मिर्जापुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता हुई।

बुधवार को आयोजित निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान राठौड़ प्रथम, कुशाग्र पांडेय द्वितीय, आनंद ने तृतीय, चित्रकला में विवेक कुशवाह ने प्रथम, परी गुप्ता ने द्वितीय, शालिनी कठेरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के तौर कौशलेंद्र रघुवंशी ने लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रामनरेश मिश्रा, संस्था अध्यक्ष मुनीश सिंह परिहार एड. विनेश पाल सिंह यादव, विनय कुमार पांडे, अरवेंद्र सिंह यादव, राममूर्ति कश्यप मौजूद रहे। इस अवसर पर बच्चों को सड़क सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाई गई। संचालन मुकेश सिंह परिहार ने किया। अंत में अतिथियों को सम्मानित किया गया।

प्रमाण पत्र के साथ विजयी प्रतिभागी। साथ में कार्यक्रम आयोजक।

- **निबंध व चित्रकला के विजेताओं को प्रमाण पत्र ट्रॉफी देकर किया सम्मानित**

कैसे मिले मरीजों को लाभ, स्वास्थ्य केंद्र में नहीं है जरूरत भर भी स्टाफ

परौर के अस्पताल में पहले डॉक्टर फिर फार्मासिस्ट का हो गया स्थानांतरण

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

अमृत विचार: लोग स्वस्थ रहें, इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले, इसके लिए आयुष्मान कार्ड बनवाए गए, पर जिले की कलान तहसील के गांव परौर में लोगों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्टाफ की कमी के चलते यह अस्पताल अब कभी-कभार ही खुलता है, ज्यादातर ताला लगा रहता है। क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ पाने के लिए या तो 14 किलोमीटर दूर कलान पीएचसी पहुंचना पड़ता है या फिर प्राइवेट अस्पताल। परौर अस्पताल में डॉक्टर दिनेश प्रताप सिंह आयुष की नियुक्ति थी, उनका स्थानांतरण मिर्जापुर कर दिया गया। इसके बाद अस्पताल की जिम्मेदारी अकेले फार्मासिस्ट के जगजीवन राम के ऊपर रह गई।

हालांकि कलान पीएचसी प्रभारी दिनेश सिंह पर परौर पीएचसी का अतिरिक्त कार्यभार है लेकिन कलान पीएचसी पर मरीजों की वजह से उन्हें वहीं से फुर्सत नहीं मिलती, तब फिर वह परौर कैसे पहुंचे। दो माह पहले फार्मासिस्ट जगजीवन का भी स्थानांतरण कलान पीएचसी कर दिया गया। इसके बाद अस्पताल की जिम्मेदारी परौर से 10 किलोमीटर देवरिया स्वास्थ्य पर तैनात जेएनएम सुरेंद्र उपाध्याय को दी गई है। वह भी कभी-कभार आकर अस्पताल खेलते हैं, बाकी दिनों में अस्पताल बंद ही रहता है। वहां पर कोई भी कर्मचारी नहीं होने अस्पताल में झाड़ू महीनों नहीं लगता है। जब अस्पताल खुलता था, तब यहां लगभग 150 से दो सौ तक पर्चे बनते थे, जिनमें कम से कम जुकाम, बुखार, सिर दर्द, बदन दर्द जैसे छोटे रोगों का इलाज तो मिल जाता था लेकिन स्टाफ की कमी की वजह से अब वह भी नहीं मिल पा रहा है। जबकि गंभीर मरीजों को प्राइवेट अस्पताल या शाहजहांपुर, लखनऊ, बरेली आदि शहरों के लिए पहले से ही दौड़ना पड़ रहा था। गंभीर मरीज अब भी बाहर जा रहे हैं लेकिन कम खर्च में स्वास्थ्य लाभ पाने वालों को 14 किलोमीटर कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है।

परौर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। ● अमृत विचार

वर्ष 1996 में बना था अस्पताल भवन

परौर पुरानी रियासत रही है और यह कलान तहसील का हिस्सा है। परौर में सात मजरे लगते हैं, जिनकी आबादी करीब 20 हजार है। यहां रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 14 किलोमीटर कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता था लेकिन लोगों की मांग और राज परिवार के अथक प्रयास के बाद वर्ष 1996 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई थी।

व्यवस्थाएं बदहाल

- अब देवरिया से आकर जेएनएम सुरेंद्र खोलते हैं अस्पताल
- गंभीर मरीजों को लेना पड़ रहा प्राइवेट अस्पताल का सहारा

परौर स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए डिमांड भेजी जा चुकी है, पूरा प्रयास है कि स्टाफ पूरा हो जाए और लोगों को इसका लाभ मिले। जेएनएम को जरूरत के हिसाब से अस्पताल भेजा जाता है।
-डॉ. दिनेश सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, कलान पीएचसी

जीर्ण-शीर्ण हालत में स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए बने आवास। ● अमृत विचार

जर्जर हो गए आवास

स्वास्थ्य कर्मचारियों के रहने के लिए आवासों का निर्माण भी कराया गया था। लेकिन यहां कभी भी स्टाफ पूरा नहीं हो पाया और रात में स्टाफ के न रूकने की वजह से भी लोगों के लिए दिक्कतें बनी रहीं। अब यह आवास जर्जर हो गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के दौरान ऑपरेशन थिएटर, आवास, टंकी, बेड व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाएं थी, लेकिन अब भवन की मरम्मत की भी जरूरत महसूस हो रही है।

बोले लोग

अस्पाल की स्थापना उद्देश्य यही था कि क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में स्वास्थ्य लाभ मिले लेकिन अब अस्पताल में ताला लग गया है, शिकायत करने पर स्टाफ की कमी बताई जा रही है। -जितेंद्र कुमार मिश्रा

आए दिन अस्पताल बंद रहने की शिकायत अधिकारियों से कई बार की गई तो हर बार स्टाफ की कमी का बहना बना दिया जाता है और जल्द ही समस्या समाधान के आश्वासन की घुट्टी पिला दी जाती है।-अर्पित कुशवाहा

अस्पताल आए दिन बंद रहने की वजह से लोगों को 14 किलोमीटर दूर कलान जाना पड़ता है, ऐसे में समय और रुपये की बर्बादी होती। इसलिए मजबूरन ज्यादातर लोग प्राइवेट में दवा ले लेते हैं।-सुशील कुमार गुप्ता

इन दिनों जुकाम, बुखार की शिकायत लोगों को ज्यादा हो रही है, ऐसे में लोगों को या तो प्राइवेट में दवा लेनी पड़ रही है, या फिर 14 किलोमीटर दूर कलान पीएचसी जाना पड़ रहा, जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है।-अरविंद कुमार

अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कुर्रिया कला। क्षेत्र के बरुआ खुर्द गांव निवासी सुनीता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 अप्रैल को उसके पति रामवीर सुबह घर से दवाई लेने पैदल पिपरोला अहमदपुर जा रहे थे। करीब 6 :30 बजे कृभको खाद फैक्ट्री के आगे शाहजहांपुर की तरफ से कांट की तरफ से आ रही महिंद्रा पिकअप के चालक ने पति को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने पति को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। लखनऊ ले जाते वक्त जिला अस्पताल गेट पर मौत हो गई।

हादसों में चाचा-भतीजे समेत नौ घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- घटियाघाट में अंतिम संस्कार से लौट रही कार खाई में पलटी, सात घायल रेफर
- उबरिया मंदिर के पास तेज गति से आ रही कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर

अमृत विचार: अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में चाचा-भतीजे समेत नौ लोग घायल हो गए। घायलों में सात लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जलालाबाद नगर के गल्ला व्यापारी मुनीष गुप्ता पिपरा वाले की आकस्मिक मृत्यु के बाद उनका अंतिम संस्कार कराकर घटिया घाट से कार द्वारा वापस लौट रहे उनके भाई दिनेश गुप्ता रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। उनकी कार गांव ठिंगरी के पास अचानक खाई में पलट गई। दुर्घटना में दिनेश गुप्ता, उनका भतीजा आकाश गुप्ता, साले शिवकुमार गुप्ता एवं भतीजा विकेश गुप्ता एवं कल्लू गुप्ता घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। उधर, उबरिया मंदिर के निकट तेज गति से आ रही कार ने ई रिक्शा के टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पर बैठे दो यात्री और ई-रिक्शा चालक गांव ढका तालुका उजेरा निवासी शिव सिंह मामूली रूप से घायल हो गया। ई रिक्शा चालक उबरिया मंदिर की तरफ से जलालाबाद की तरफ आ रहा था। बाद में इलाज का खर्चा देने की बात पर दोनों में समझौता हो गया।

निगोही। नगर पंचायत मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी संतोष कुमार और रामू अर्जुनपुर गल्ले की आढ़त पर काम करते हैं। रात 11 बजे आढ़त से काम कर के घर बाइक से आ रहे थे। बाइक निगोही बीसलपुर राजमार्ग पर कैमुआ पुल के निकट पहुंची, तभी बाइक में वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे संतोष व रामू दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को निगोही अस्पताल भेजा। जहां दोनों घायलों की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। निगोही पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक कब्जे में ले ली है।

खाई में पलटकर क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

कार की टक्कर से क्षतिग्रस्त -रिक्शा।

पति पर मारपीट का आरोप, तहरीर दी

पुवायां, अमृत विचार: पति ने पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पिटाई से नाराज पत्नी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव दिलीपपुर की शिप्रा पत्नी सोनू ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी लगभग एक वर्ष पूर्व हुई थी। गुरुवार को उसकी बुआ की लड़की की शादी है। उसने पति से कहा कि वह शादी में जाना चाहती है और अपनी मां के साथ चली जाएगी। इस बात से नाराज सोनू ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

धर्मस्थल पर मुंडन संस्कार कराने आईं महिलाओं को पीटा

संवाददाता, रौसर कोठी

- मोबाइल और सोने का पेंडल छीनने का आरोप

अमृत विचार: रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसर कोठी में स्थित एक धर्म स्थल पर बच्चों का मुंडन कराने आए परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने महिलाओं को भी दौड़ा दौड़ा कर पीटा। एक महिला ने मोबाइल और सोने का पेंडल छीनने का आरोप लगाया है।

सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव दिवैयापुर निवासी नीरज अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। गुरुवार को वह पत्नी सोनम, बहन रजनी, भाई अनूप आदि के साथ थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव रौसर कोठी में स्थित एक धर्मस्थल पर अपने बच्चों का मुंडन कराने आए थे। यहां उनकी अपनी पत्नी सोनम से कुछ बातचीत होने लगी। यह देख वहां मौजूद कुछ मनचले हूटिंग करने लगे। जब सोनम ने इस बात का विरोध किया तो वह लोग मारपीट पर आमादा हो गए। उन्होंने रॉड से सभी को दौड़ा-दौड़ा कर जमकर पीटा। मारपीट में धीरज, सोनम, अनूप और रजनी घायल हो गए। आरोप है कि मारपीट कर रहे लोगों ने एक मोबाइल और सोने का पेंडल छीन लिया। सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर आ गई, तब तक मारपीट कर रहे लोग भाग गए थे। पीड़ित परिवार ने थाना रामचंद्र मिशन में सूचना दी।

मानसिक तनाव के चलते युवती ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या

संवाददाता, बंडा

- बीते रविवार को बिलंदपुर जंगल में फांसी लगाकर भाई ने दे दी थी जान
- भाई की मौत के बाद से परेशान रहने लगी थी सोनी, शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमृत विचार: भाई की मौत के बाद से बिगड़े मानसिक तनाव के चलते युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोनीदेवी

गांव ददिउरी निवासी रामलली ने बताया कि उसके पुत्र धर्मेंद्र ने रविवार को बंडा के बिलंदपुर जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद से घर के सभी लोग काफी परेशान थे। धर्मेंद्र की मौत के बाद से उसकी बहन सोनी देवी(19) ने खाना पीना सब कुछ छोड़ दिया था, तब से उसकी तबियत खराब रहने लगी थी । काफी समझाने के बाद भी उसने खाना नहीं खाया और उल्टी सीधी हरकतें करनी शुरू कर दी थीं। गुरुवार सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह चारपाई पर लेट गई। उसे उल्टी आई तो वह पानी पीकर फिर से चारपाई पर आराम करने की बात कहकर लेट गई। जब घर के सभी लोग बाहर थे, तभी अपने ही दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर कमरे में आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत से भाई छबीले, आकाश, मां रामलली देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

OAKWOOD WORLD SCHOOL
A DROP OF CHANGE
TRANSFORMING LIVES.... REALIZING POSSIBILITIES
OAKWOOD WORLD SCHOOL
CO-ED ENGLISH MEDIUM SCHOOL
ADD:- BANDA POWAYAN ROAD NEAR BASANTPUR GURUDWARA RAMPUR HEERA, BANDA (SPN)
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION CLASSES P.G. TO ONWARD
Powered By: Shri Anil Sudha Educational Trust
LUSH GREEN NATURAL CAMPUS ABODE OF PEACE
HURRY UP! Limited Seats Available

शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम
आलोक मिश्रा
All Routes in 25 Km. Radius from School
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Contact Us:- 7237964808 9235033696
E-mail: oakwoodworldsschoolnew@gmail.com
visit us at: oakwoodworldschool.co.in

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी
भारतीय भेषजी परिषद् (PCI) से मान्यता प्राप्त
डी.फार्म/बी.फार्म
यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
डी एम एल टी / एक्स-रे
हम मेडिकल कॉलेज के सहयोग से अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। और स्वास्थ्य देखभाल में भविष्य के प्रयासों के लिए छात्रों को विकसित करते हैं। हम फार्मास्युटिकल उद्योग की चुनौतियों का ध्यान रखते हुए छात्रों को समाज की सेवा करने के लिए शिक्षित करते हैं। हम अपने छात्रों को एग्जिट परीक्षा जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। अनुभवी और समर्पित संकाय हमारे संस्थान की पहचान हैं, जो छात्रों को शोध प्रकाशित करने और पेटेंट प्राप्त करने में लगातार मदद कर रहे हैं। साथ ही अच्छे संस्कार भी देते हैं।
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
सीधा प्रवेश
सत्र 2024-25
100% प्लेसमेंट
प्रवेश हैल्पलाईन : 9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa
वेबसाइट :- www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

आखिर कब तक शर्माते रहोगे
हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा. शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

गड्ढों में हिचकोले खाते गुजरते हैं वाहन

परौर के पकड़िया चौराहे से चपरा, कुंडरिया मार्ग खस्ताहाल, चार साल पहले हुई थी मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे लोग, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही मरम्मत

अमृत विचार: परौर के पकड़िया चौराहे से चपरा, कुंडरिया मार्ग खस्ता हाल है। इस मार्ग की मरम्मत की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

पकड़िया चौराहा परौर से चपरा, कुंडरिया मार्ग की लंबाई करीब आठ किलोमीटर होगी। इस मार्ग की मरम्मत अब से करीब चार वर्ष पूर्व हुई थी। इसके बाद मार्ग खराब होने पर जगह-जगह गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों पर मौरंग, कोलतार और बजरी डालकर गड्ढे बंद कर दिए गए थे लेकिन कोलतार बजरी का पैचिंग कार्य खराब होने से सड़क में दोबारा बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है। हालांकि क्षेत्र के लोगों ने इस समस्या के बारे में जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया लेकिन सड़क की दुर्दशा फिर भी बनी हुई है। क्षेत्र के लोगों को इसी टूटी-फूटी सड़क से गुजरना पड़ रहा है। अधिकतर थाना परौर मुख्यालय, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के लिए अपने कार्यों के लिए लोग इसी रास्ते से आते हैं। सड़क खराब होने से अब आगमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग संबंधित विभाग से की है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य हसन शाह के प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सिंह निवासी कुंडलिया ने बताया कि सड़क मरम्मत के बारे में वह जिला पंचायत की बैठकों में इस मुद्दे को उठा चुके हैं लेकिन सड़क की मरम्मत अभी तक नहीं हुई है, जिससे क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं। वहीं इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जेई जगदीश चंद्र शर्मा ने बताया कि सर्वे कराकर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

खस्ताहाल चपरा, कुंडरिया मार्ग। ● अमृत विचार

पति-पत्नी समेत चार लोगों को पीटा

कलान, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव गुदौरा दाउदपुर निवासी रामशंकर यादव ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह खेत से गेहूं की निकासी कराकर अपने घर लौटकर आ रहा था। रास्ते में गांव के ही दो दबंग लोग मिल गए, जो उससे गाली-गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो आरोपी लाठी डंडा लेकर उसपर टूट पड़े और उसे जमकर पीट दिया।

पता चलने पर जब उसकी पत्नी बिट्टा बचाने आई तो उसे भी पीट दिया। इतने से भी आरोपियों का दिल नहीं भरा तो वह उसके खेत में पहुंच गए। जहां उसके पुत्र अजीत एवं रंजीत को भी पीटा। पुलिस ने पीड़ित परिवार को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा है। उसने थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

महिला की मौत, पिता ने ससुरालियों पर लगाया सही से इलाज नहीं कराने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ससुराली बोले, खराब चल रही थी प्रीति की तबीयत
- तीन दिन पहले मेडिकल कॉलेज में कराया था भर्ती

अमृत विचार: एक माह से महिला की तबीयत खराब चल रही थी। ससुराल वालों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका के पिता का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी बेटी का सही इलाज नहीं कराया है।

कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थान निवासी हीरालाल की शादी दस साल पहले प्रीति देवी (35) निवासी निवाड़ी थाना निगोही के साथ हुई थी। उसकी एक माह से तबीयत खराब थी। ससुराल वालों ने उसे तीन दिन पूर्व मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। बुधवार की रात प्रीति की मौत हो गई। इधर निर्मल ने बताया कि उसकी बेटी की ससुराल वालों ने बुधवार की शाम फोन किया कि प्रीति की तबीयत खराब है और अस्पताल में भर्ती है। वह अस्पताल पहुंचा तो उसकी बेटी मृत अवस्था में मिली। उसका आरोप है कि ससुराल वालों ने इलाज सही तरीके से नहीं कराया है और मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पत्नी को दिया तलाक और पति ने कर लिया दूसरा निकाह

शाहजहांपुर। दहेज में कार और दो लाख रुपये नहीं देने पर पति ने पत्नी को तलाक दे दिया और उसे मारपीट कर घर से निकालकर दूसरा निकाह कर लिया है। पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। निगोही थाना क्षेत्र के गांव बगीचा निवासी सोनी पुत्री इरशाद ने बताया कि दो साल पहले हसूद्दीन निवासी खिरिया पाठक थाना पुवायां के साथ निकाह हुआ था। शादी के कुछ माह बाद ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से दो लाख रुपये तथा कार मंगाकर दो। सोनी ने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले दो लाख रुपये तथा कार नहीं दे पाएगे। इस बात से ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। महिला का आरोप है कि उसके पति हसूद्दीन ने तीन बार तलाक-तलाक कहकर तलाक दे दिया। उसका आरोप है कि 16 मार्च को ससुराल वालों ने मारा पीटा और घर से निकाल दिया। सोनी का आरोप है कि उसके पति ने 24 अप्रैल को दूसरा निकाह कर लिया। पुलिस ने पति हसूद्दीन, सास सहरुन्ना, ननद नसरीन, इसरीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician

● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज। ● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एलपीजी सुरक्षा के प्रति ग्राहकों को किया जागरूक

संवाददाता, जलालाबाद

- इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक ने टीम के साथ ग्राहकों के घर जाकर की जांच
- गैस चूल्हा, एलपीजी सिलेंडर को कम से कम छह इंच ऊंचाई पर रखने की दी सलाह

अमृत विचार: इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की ओर से एलपीजी ग्राहकों सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जोकि सितंबर माह तक चलेगा। इस अभियान के तहत इंडियन ग्राहकों के घर जाकर निः शुल्क सुरक्षा जांच की जा रही है। इस अभियान को और भी प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश कार्यालय के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख हेमंत राठौड़ ने काशीराम कॉलोनी में ग्राहकों के घर स्वयं जाकर जायजा लिया एवं ग्राहकों को सुरक्षित एलपीजी उपयोग के लिए जागरूक किया।

राठौर ने इस दौरान सभी एलपीजी वितरकों एवं अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वह ग्राहकों की सुरक्षा के लिए कंपनी के द्वारा बताए गए सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का सही से पालन करवाएं। उन्होंने ग्राहकों को सुरक्षित एलजी उपयोग के लिए टिप्स दिए, जिसमें कि ग्राहकों को अपना गैस चूल्हा, एलपीजी सिलेंडर से कम से कम छह इंच ऊंचाई पर रखना है। एलपीजी सुरक्षा होज को पांच वर्ष के अंतराल पर अपने एलपीजी वितरक से उचित मापदंड वाले सुरक्षित इंडेन सुरक्षा होज को बदलवाना है। एलपीजी से संबंधित किसी भी आपातकालीन स्थिति में 1906 पर कॉल करें। रेगुलेटर को हमेशा बंद रखें तथा गैस कनेक्शन में उपयोग होने वाले सभी उपकरण (प्रेसर रेगुलेटर, गैस चूल्हा, गैस पाइप) उचित मापदंड वाले ही उपयोग करें। मुख्य महाप्रबंधक राजेंद्रन, बरेली मंडल के एलपीजी विक्रय प्रमुख मोहिंदर कुमार एवं अन्य अधिकारी एलपीजी टीम के साथ मौजूद रहे।

रोजा में रैली निकालते भाजपाई। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने को निकाली बाइक रैली

रोजा, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली से पूर्व पार्षद के नेतृत्व में विशाल बाइक रैली रोजा क्षेत्र में निकालकर लोगों से पीएम की रैली में शामिल होने के लिए जागरूक किया गया।

पार्षद विजयलक्ष्मी ने बाइक रैली को बाइक पर पार्टी का झंडा लगाकर शुरुआत की। रैली पार्षद कार्यालय से प्रारंभ होकर निवाजपुर, अहमदपुर, हांडा कॉलोनी, रेती, पुत्तू लाल चौराहा होते हुए बरेली मोड़ स्थित रैली स्थल पर संपन्न हुई। रैली में पार्षद प्रतिनिधि अरुण सिंह ने लोगों से अपील की कि वे जनसभा में अधिक संख्या में पहुंचकर उनके विचारों को सुनकर प्रत्याशी को विजय बनाए। रैली में ध्रुव सिंह, चंद्रोदय सिंह, अमित मेहरोत्रा, दीपक सिंह, सत्यपाल सिंह, अनुज श्रीवास्तव, ज्ञानी सिंह आदि मौजूद थे।

खून के आंसू

हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

तपती धूप में जलाशय सूखे पशु-पक्षी प्यास से व्याकुल

तालाबों पर भूमाफियों की नजर, कुछ पर हो चुका है कब्जा

सिंधौली में सूखा पड़े तालाब में पानी तलाशते पशु। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर/सिंधौली

- प्रशासन और ग्राम पंचायतें भी नहीं कर रही तालाब भरने की व्यवस्था
- तालाबों के सौंदर्यीकरण व रखरखाव के नाम पर खर्च हो गए लाखों रुपये

अमृत विचारः भीषण गर्मी के दौरान तपती धूप में पशु पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए एक तालाब ही सहारा हुआ करते थे, लेकिन अब यह तालाब भी सूखने लगे हैं। इन तालाबों में पानी भरवाने की भी व्यवस्था ग्राम पंचायत व प्रशासन की ओर से नहीं की गई है। सबसे बड़ी मुसीबत इस दौरान छुट्टा पशुओं की है, क्योंकि इन्हें जलाशयों में पानी मिल रहा है और न ही लोग पानी पिला रहे है।

सिंधौली क्षेत्र में तालाब पोखरों में पानी पूरी तरह खत्म हो चुका है जिससे भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के पीने के पानी की जटिल समस्या बनती जा रही है जबकि जल संचयन के उद्देश्य से तालाबों के सौंदर्यीकरण व रखरखाव के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, ऐसे में सूखते तालाब की वजह से पशु-पक्षियों और छुट्टा जानवरों के लिए पानी की समस्या है। विकास खंड क्षेत्र में 87 ग्राम पंचायते हैं और प्रत्येक ग्राम पंचायत में औसतन एक से दो तालाब हैं, जिनका उद्देश्य जल संचयन से ग्राम पंचायत का जल स्तर बढ़ाना और पशु पक्षियों को पानी की जरूरत पूरा करना है लेकिन यहीं नहीं हो पा रहा है। वहीं तालाबों में पानी नहीं रह जाने की वजह से भूमाफियों ने हल्का लेखपालों से गठजोड कराकर तालाब पाटकर बिल्डिंग खडी कर ली है। जिससे क्षेत्र के कई तालाबों का अस्तित्व खतरे में है।

> गर्मी को देखते हुए तालाबों में पानी भरने की व्यवस्था ग्राम प्रधानों से कह कर करवाई जाएगी, ताकि पशु-पक्षी पानी के लिए इधर-उधर न भटकें।
> – देव कुमार चतुर्वेदी, बीडीओ

...कहीं संकट में न पड़ जाए जीवन

क्षेत्र में आदर्श तालाब बनवाए गए थे, जिसमें पानी भरने की भी व्यवस्था की गई थी, ताकि पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा सके लेकिन अब यह तालाब पूरी तरह से सूख गए हैं। गत वर्ष विकास खंड में लगभग दो दर्जन अमृत सरोवर का निर्माण लाखों रुपये खर्च करके किया गया था। वर्तमान समय में लगभग एक दर्जन अमृत सरोवर सूखे पड़े हुए हैं।

अमृत सरोवर के मानक

आदर्श तालाब कोई भी हो सकता है। लेकिन अमृत सरोवर का नाम उन सरोवर को दिया गया है जिनका रकबा एक एकड़ से अधिक है। इन तालाबों में पानी भरने की व्यवस्था के साथ-साथ चारों ओर तारों की बाउंड्री, गेट, पौधरोपण और टहलने के फुटपाथ व बैठने के लिए सीमेंटेड सीटें होनी चाहिए लेकिन ज्यादातर अमृत सरोवर मानक के अनुरूप नहीं पाए हैं।

राम भक्त हनुमान बालाजी मेरे घर आना

संवाददाता, पुवायां

बाला जी की झांकी।

खाटू श्याम की झांकी।

- बालाजी के जागरण में भजनों पर झूमे भक्त
- नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई शोभायात्रा

अमृत विचारः हनुमान जन्मोत्सव पर श्री बालाजी महाराज का 14 वां जागरण एक गार्डन में हुआ, जिसमें भजन गायिका शेफाली द्विवेदी ने बालाजी के भजनों को गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बुधवार को देर रात नौ बजे के बाद शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई।

अंशु गोस्वामी पागल ने राम भक्त हनुमान बालाजी मेरे घर आना, गाकर सैकड़ों भक्तों को झूमने को मजबूर कर दिया। अन्य गायक कलाकारों में मेधा रूहानी, शुभम रंगीला, ज्योति गोस्वामी ने भजन गाकर अपनी उपस्थिति बालाजी के चरणों में दर्ज कराई। प्रस्तुति रंगीला कीर्तन मंडल द्वारा सोमवार को अखंड पाठ का कार्यक्रम हुआ।

मंगलवार को बालाजी का जागरण हुआ। शाम नौ बजे के बाद शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। जिसमें श्री बालाजी महाराज की अखंड ज्योत के साथ बैंड बाजा था तथा भगवान के कई स्वरूपों की भव्य आकर्षक झांकियां साथ में चल रही थीं। श्री बालाजी कमेटी के सभी सेवादार सेवा में लगे रहे। जिसमें प्रमुख रूप से लकी गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता, विशाल गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मनीष गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विकास गुप्ता, विपिन गुप्ता, सुमित गुप्ता का सहयोग रहा। आयोजन में बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया।

पुरानी रंजिश में युवक को लाठी-डंडों से पीटा

कलान, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव पिलुआ निवासी रामनरेश राठौर ने तहरीर देते हुए बताया कि वह कासगंज के थाना बहोरा अंतर्गत वछिऊला में अपनी बहन महारानी के यहां गया हुआ था। वहां से लौट कर सोमवार रात करीब 10 बजे बाइक से गांव आया, तो गांव में ही दावत चल रही थी। इसी बीच कुछ लोगों ने उसकी बाइक रोक कर पिटाई कर दी क्योंकि तीन वर्ष पहले उसने गांव से ही प्रेम विवाह किया था। इसी रंजिश के चलते उसे मारा पीटा गया। पीड़ित ने थाना प्रभारी से दबंग लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

मछली पकड़ रहे युवकों ने दंपती को पीटा

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : गेहूं के बोझ में बंधे जूने को खेत में जलाने का विरोध करना एक दंपती को महंगा पड़ गया। घटना सदर कोतवाली के गांव रंगीला नगर की है। गांव निवासी रुकसाना ने बताया कि वह अपने पति महबूब खान और देवर कासिम के साथ खेत में गेहूं की गहाई कर रही थी। रात करीब 11.00 पड़ोस से निकली उल्ल नदी में गांव के ही जलीस पुत्र मजीद, जमील व रहीश व इश्तियाक मछली पकड़ रहे थे, जो रात में गेहूं के बोझ में बंधे जूने को काट कर जलाने लगे। आरोप है कि उसके मना करने पर आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करते हुए उसे और उसके पति की पिटाई कर दी। महिला के सिर पर बांका से हमला कर दिया। घायल महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकी महाराज मेले में खरीदार नहीं पहुंचने से दुकानदार मायूस

मिर्जापुर। कीलापुर में लगने वाला कई जिलों में प्रसिद्ध जानकी महाराज मेला मंगलवार से शुरू हो गया। गेहूं की कटाई व शादी की सीजन के चलते इस बार मेले में गत वर्षो की अपेक्षा श्रद्धालुओं की संख्या बहुत कम है। जिससे दुकानदार मायूस है। चैत्र पूर्णिमा से शुरू हुआ जानकी महाराज मेला श्रद्धालुओं की अगवानी के लिए पूरी तरह सजा है। मेले में दो सौ से अधिक दुकानें लगी हुई हैं। जिसमें महिलाओं के जरूरत के सामान, फर्नीचर, लकड़ी, पत्थर के सिलबट्टे, लाठी आदि की दुकानें शामिल हैं। मेले में झूले लगे हुए हैं। इस बार शादी का सीजन व गेहूं की कटाई के चलते मेले में श्रद्धालुओं का आवागमन पिछले वर्षो की तुलना मे बहुत कम है। जिससे दुकानदार मायूस है। मिठाई व चाट पकौड़ी की दुकानों व झूलों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। दुकानदार ग्राहकों के आने की उम्मीद में दुकानें सजाए हुए हैं। मेला अष्टमी तक चलेगा।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य शिविर में उमड़े मरीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

ओपीडी में बैठे मरीज। ● अमृत विचार

- मरीजों की सामान्य जांचें की गई निःशुल्क, अन्य जांचों एवं दवाइयों पर दी गई छूट
- बड़ी संख्या में मरीजों के आने की वजह से ओपीडी को अतिरिक्त समय तक खोला गया

अमृत विचारः वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा के द्वारा गुरूवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें आए मरीजों को सामान्य जांचे की गई व अन्य जांचों एवं दवाइयों पर भारी छूट दी गई।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में भारी संख्या में मरीजों के आने की वजह से ओपीडी को अतिरिक्त समय तक खोला गया। शिविर में आए मरीजों को डॉक्टरों, स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचे करवाने के लिए जागरूक भी किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी जो अस्पताल के द्वारा 200 रुपये में बनाया जाता है। स्वास्थ्य कार्ड धारक को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत तथा खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी और आगे पीआरओ द्वारा बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर एवं मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध है तथा हर प्रकार के ऑपरेशन, सस्ती दवाइयों, आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

अस्पताल में सामान्य प्रसव निशुल्क एवं सिजेरियन प्रसव न्यूनतम दर पर किया जाता है और प्रसव उपरांत प्रसूता को 1000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की जाती है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जाहिद अली व पुत्रवधू शबीना को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी संक्रमणीय भूमि व रिहायशी मकान सहित समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जाफर अली शाह पुत्र शमशाद अली शाह निवासी ग्राम लाडपुर उस्मानपुर थाना हाफिजगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अंकित वर्मा उर्फ जय प्रकाश व उसकी पत्नी करिश्मा वर्मा उर्फ मिलन को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अशोक कुमार वर्मा पुत्र स्व. रामेश्वर दयाल वर्मा, निवासी चक महमूद चक्की वाली गली नवादा जोगियान थाना बारादरी, बरेली।**

REQUIREMENT
Teachers Required
for All Subjects
Experienced Teacher prefer
Global Public School
NC to VIII (English Medium)
Rupapur, Badhepura,
Bhandsar Road, Bareilly
M-9761135783, 7078807486

सूचना
मेरे पति श्रेयांश तोमर ने गलत संगति एवं कुकृत्यों के कारण समाज के बहुत से संभ्रान्त लोगों को अपने झूठे जाल में फसाकर ठग लिया लिया है अतः मैंने एवं मेरे माता-पिता एवं समस्त मायके वालों ने श्रेयांश तोमर व इनके परिवार से सदैव के लिए सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। श्रेयांश तोमर के कृत्यों की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। **साक्षी चौहान पुत्री श्री रामदेव सिंह चौहान पत्नी श्री श्रेयांश तोमर निवासी हाल तिरूपति स्टेट, थाना सुभाषनगर, बरेली**

सूचना
मेरे पिता का सही नाम Jagadish Shivram Bagul व जन्मतिथि 10-04-1964 नाकि Jagadish व जन्मतिथि 01-07-1963 और मेरी माता का Latabai Jagadish Bagul व जन्मतिथि 01-06-1966 है नाकि Lata Bai व जन्मतिथि 01-07-1966। कृपया मेरे सर्विस रिकार्ड में सही करें। 15712605M L/Nk Bagul Dipak Jagadish, R/o Bambarud Tal. Pachora, Bambarud Kh. Pr. Pachora Jalgaon, Maharashtra.

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

भालू को देख रोमांचित हो उठे पर्यटक

दुधवा की सठियाना रेंज के एक वन मार्ग पर विचरण करता भालू।

पलिया कलां,अमृत विचार: दुधवा टाइगर रिजर्व की विभिन्न रेंजों में जहां बाघ, तेंदुआ, जंगली हाथी, बारहसिंघा, चीतल, पाढ़ा, काकड़,जंगली सुअर, सेही आदि अनेक दुर्लभ वन्य जीव आने वाले पर्यटकों को अक्सर दिखाई दे मन मोह लेते हैं। वहीं दुधवा में अब भालुओं भी नजर नजर आने लगे हैं। लखनऊ से आए कुछ पर्यटकों के सामने जब एक भालू वन मार्ग में जिप्सी के सामने आ गया, तो वे खुशी के मारे उछल पड़े। उन्होंने आनन फानन में उसे अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया।

पलिया होकर वापस जा रहे हैं पर्यटकों ने पलिया पुलिस चौकी के निकट चाय की दुकान पर बताया कि उनकी गाड़ी के सामने जब भालू आया तो उन्हें पहले तो विश्वास ही नहीं हुआ कि दुधवा में भालू भी पाए जाते हैं। उनके जोर-जोर बोलने पर गाड़ी चालक एवं गाइड ने मुंह पर उंगली रख उन्हें शांत रहने का इशारा किया। इसी बीच भालू सड़क क्रॉस करता हुआ घने पेड़ों के बीच झाड़ियों में जा छिपा। फिलहाल दुधवा टाइगर रिजर्व में लगातार बढ़ रही भालुओं की संख्या देखकर डीटीआर के उपनिदेशक डॉ. रंगाराजू टी व कर्मचारी बेहद खुश हैं।

आग में ननद-भाभी जिंदा जलीं, 29 घर राख, दो लोग झुलसे

सिंगहा कलां गांव में लगी आग: 12 पशुओं की जलकर मौत, ट्रैक्टर-अनाज, कपड़े, बर्तन समेत अन्य सामान आग की भेंट चढ़ा

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार: थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव सिंगहा कलां में गुरुवार को भीषण आग लग गई। 29 घर राख हो गए। आग में फंसी एक महिला और उसकी ननद की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि परिवार के दो सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। 12 पशु भी जिंदा जल गए। कई पशु झुलस गए। अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। एसडीएम ने हालातों का जायजा लिया।

गांव सिंगहा कलां निवासी भागीरथ के पक्के कमरों के सामने छप्पर पड़े थे। दोपहर करीब 12 बजे भागीरथ की बहन संगीता (35) अपने बेटे सचिन (13) के साथ कमरे में, जबकि भागीरथ की पत्नी रामगुनी (50) व बहू पूजा पत्नी सहजराम छप्पर में सो रही थीं। इसी बीच छप्परों में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें कमरे को छूने लगे। संगीता ने शोर मचाते हुए किसी तरह सचिन को बाहर निकाल दिया, लेकिन खुद फंस गई और जिंदा जलकर मौत हो गई। छप्पर में सो रही पूजा जैसे-तैसे बाहर निकल आई, लेकिन उसकी सास रामगुनी नहीं निकल पाई और उसकी भी झुलसकर मौत हो गई। उन्हें बचाने के लिए घर में घुसे बांके और सहजराम लपटों की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

देखते ही देखते आग ने 29 घरों को चपेट में ले लिया। गांव में चीख-पुकार मच गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पुलिस दोनों झुलसे युवकों को सीएचसी लाई। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल के डॉक्टर ने बांके को लखनऊ रेफर कर दिया। इस अग्निकांड में सहज राम की दो बकरी, बांके लाल की चार बकरी, राजाराम की चार बकरी, एक गाय और भैंस जलकर मर गईं। चारा मशीन, नगदी, अनाज, कपड़ा, बर्तन, ट्रैक्टर समेत 50 लाख का नुकसान होने का अनुमान है। एसडीएम अश्वनी कुमार, तहसीलदार भीम चंद आदि मौके पर पहुंचे और नुकसान का सर्वे कराया। अग्निकांड में दो मौतों के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया।

आग बुझाने के दौरान जुटे बड़ी संख्या में ग्रामीण। ● अमृत विचार

आग पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने काबू पाया

आग पर काबू पाने के लिए पलिया, धौरहरा, निघासन और लखीमपुर की फायर सर्विस की गाड़ियां जब तक मौके पर पहुंचती। तब तक आग काफी हद तक शांत हो चुकी थी। फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पूरी तरह से बुझाई।

अग्नि पीड़ितों से बातचीत करते एसडीएम निघासन अश्वनी कुमार सिंह। ● अमृत विचार

कांप गांव में आग से 13 घर खाक, लाखों की नगदी जली

भीरा। किशनपुर सेंचुरी जंगल के निकट गांव कांप में लगी आग से 13 घर जलकर राख हो गए। आग गुरुवार की शाम करीब चार बजे लगी। अग्निकांड में शिवपाल के 40 हजार रुपये, शेर सिंह के 17 हजार रुपये, अनिल कुमार के 11 हजार रुपये, राजीव के 32 हजार रुपये, सुरेश के 15 हजार रुपये, मुकुंदरम के डेढ़ लाख रुपये, सोनपाल के 40 हजार रुपये, राजवीर के 20 हजार रुपये, रामसागर के 40 हजार रुपये, जसवंत सिंह के आठ हजार रुपये की नगदी घर में रखा सामान आदि जलकर नष्ट हो गया। रामहेत का 15 ट्रॉली भूसा, वही रामाधार के घर का अनाज, कपड़ा बर्तन आदि जलकर राख हो गया। हल्का लेखपाल बलराम राणा ने गांव पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया है।

आग से राख हुए छप्पर और जला ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

शादी में शामिल होने आई थी संगीता

सिंगाही। भागीरथ की बहन संगीता मायके में रहने वाले एक रिश्तेदार के घर वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए दो दिन पहले अपने बेटे सचिन के साथ आई थी। वह गुरुवार को जाने वाली, लेकिन भाभी रामगुनी और परिवार के लोगों के कहने पर वह रुक गई थी। अब उसे शुक्रवार को ससुराल वापस जाना था। इससे पहले ही लगी आग ने संगीता और उसकी भाभी रामगुनी की जान ले ली। संगीता की मौत से दो परिवारों में चीख-पुकार मची है। उसके बेटे सचिन रो-रोकर हाल बेहाल है। संगीता के चार बेटे है। सचिन सबसे छोटा है। संगीता के पति जगदीश की मौत सात वर्ष पहले हो गई थी।

30 मिनट.. राख के ढेर में बदल गया गांव, खाक हो गए सपने

संवाददाता, सिंगाही

- आग से करीब 50 लाख का नुकसान होने का अनुमान
- एसडीएम समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे, पीड़ितों का जाना हाल

अमृत विचार: गांव सिंगहा खुर्द में लगी भीषण आग में अचानक चली तेज हवाओं ने घी डालने का काम किया। 29 घर 30 मिनट में ही राख के ढेर में बदल गए। घरों में पाई-पाई जोड़कर जुटाया गया सामान छोड़िए तिनका भी नहीं बचा। आग ने अग्निपीड़ितों के सारे सपने खाक कर दिए। एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत और दो लोगों के झुलसने से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

दोपहर का समय था। अधिकांश लोग अपने घरों पर थे और खाना पीना खाकर आराम कर रहे थे। कुछ लोग तपती दोपहरी में खेतों में गेहूं की गहाई की जुगत में थे। दोपहर में भागीरथ के घर लगी आग ने 30 मिनट में ही एक-एक कर 29 घरों को राख के ढेर में बदल दिया। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और राजाराम, सर्वेश, जैकोरा पत्नी नान्हू, कंधई, सुरेश, गयाप्रसाद, सुनीता पत्नी शिवराज, ब्रजलाल, रामनिवास, राकेश, रघुनाथ, हरिओम, गुड्डू, श्रवण, अनिल, आशाराम, कल्लू, राधेश्याम, रामकुमार, अमित, बांके लाल, लल्ला, राकेश, रामबहादुर, होली, सहज राम के घर राख हो गए। सिलेंडर फटने से राधेश्याम का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। कल्लू की छत जल गई। राकेश की गुमटी जलकर राख हो गई। बांके का इंजन, ट्रैक्टर, आनाज, कपड़ा, बर्तन, जेवर, 20 हजार रुपये समेत करीब 50 लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। अग्निपीड़ितों के सारे सपने पल भर में खत्म गए।

आग बुझने के बाद एक घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

> भीषण अग्निकांड में करीब 29 घर जले हैं। एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत हुई है, दो लोग झुलसे हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर है। पीड़ितों को खाने-पीने और छांव के लिए तिरपाल आदि की व्यवस्था कराई गई है। शासन से मिलने वाली इमदाद शीघ्र दिलाई जाएगी।
> **-अश्वनी कुमार सिंह,** एसडीएम, निघासन

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

हादसे में बाइक सवार की मौत

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरगापुर निवासी लालाराम का पुत्र सत्येंद्र कुमार (28) गुरुवार दोपहर घरेलू सामान खरीदने बाइक पर शहर गया था।

खरीदारी करने के बाद वापस घर लौट रहा था। बीसलपुर-शाहजहांपुर मार्ग पर नीवाडांडी गांव के पास पहुंचने पर शाहजहांपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कुछ ही देर में आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में घायल को सीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने सत्येंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया।

इसका पता लगने पर परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण सीएचसी पहुंच गए। परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक सत्येंद्र कुमार।

राजनाथ ने विपक्षियों पर तंज कसा, मतदाताओं को साधा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा में कहा कि भाजपा की सरकार में देश का सम्मान बढ़ा है। दुनिया का हर देश भारत की ओर देख रहा है। भारत के विकास से अचंभित है। कहा कि अरब देशों से भारत के बहुत अच्छे संबेध हुए हैं। पांच मुस्लिम देशों ने प्रधानमंत्री को सम्मानित किया है। कहा कि भारत के कद का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 4 घंटे यूक्रेन में युद्ध नरेंद्र मोदी के फोन से रुक गया और हमारे बच्चे घर वापस आ सके। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र संघ में योग का प्रस्ताव रखा तो 172 देशों ने समर्थन किया।

